राजस्थान पत्रिका. पृष्ठ नं: ०२, दिनांक: ११.०२.२०२५

मोटेरा स्टेडियम जाने वाले मार्ग पर यातायात रहेगा बंद, टिकट को लेने स्टेडियम पहुंच रहे क्रिकेट प्रेमी

भारत-इंग्लैंड मैच के चलते कल रात 12 बजे तक चलेगी मेट्रो ट्रेन

ट्रैफिक डायवर्ट-ऑफलाइन टिकट खरीदने और ऑनलाइन बुक टिकट को लेने स्टेडियम पहुंच रहे क्रिकेट प्रेमी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारत-इंग्लैंड के बीच मोटेरा स्थित विश्व के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 12 फरवरी को एक दिवसीय मैच खेला जाएगा। मैच देखने आने वाले दर्शकों को ज्यादा परेशानी ना हो उसे देखते हुए गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने 12 फरवरी को मध्यरात्रि 12 बजे तक मेट्रो ट्रेनों को दौड़ाने की घोषणा की है।

जीएमआरसी के तहत 12 फरवरी को मोटेरा से एपीएमसी मार्केट और थलतेज गांव से वस्त्राल गांव के दोनों ही कॉरिडोर पर हर 8 मिनट में मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी। मोटेरा स्टेडियम में होने जा रहे मैच को देखते हुए 12 फरवरी की रात 10 बजे से लेकर मध्यरात्रि 12 बजे तक मोटेरा और साबरमती मेट्रो स्टेशन से ट्रेन चलाई जाएंगी। इन दोनों ही स्टेशनों से किसी भी स्टेशन के लिए यात्री मेट्रो में बैठकर पहुंच सकेंगे। हालांकि मोटेरा से गांधीनगर के रूट पर ट्रेन उसके पूर्व निर्धारित समय तक ही चलेंगी। उनका समय नहीं बढ़ाया है।

रात 12 बजे चलेगी अंतिम ट्रेन, पेपर टिकट लेना हितकर

मोटेरा और साबरमती स्टेशन से 12 फरवरी को रात 10 बजे के बाद केवल पेपर टिकट पर ही यात्रियों को प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे में मेट्रो से मैच देखने जा रहे दर्शक दिन में किसी भी स्टेशन के काउंटर से वापसी का पेपर टिकट जरूर ले लें, ताकि वापसी में टिकट के लिए कतार में न खड़ा होना पड़े। अंतिम ट्रेन मोटेरा मेट्रो स्टेशन से रात 12 बजे चलेगी।

जनपथ तिराहे से मोटेरा स्टेडियम का मार्ग वाहनों के लिए बंद

भारत-इंग्लैंड मैच को देखते हुए हर बार की तरह जनपथ तिराहे से मोटेरा स्टेडियम तक और कृपा रेसिडेंसी से मोटेरा गांव तिराहे तक के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। 12 मार्च को सुबह 9 बजे से मैच पूरा न हो तब तक यह पाबंदी रहेगी। शहर के प्रभारी पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। वाहन तपोवन सर्कल से विसत तिराहा होकर जनपथ होते हुए टोरेंट पावर हाउस से चिमन ब्रिज की ओर आवाजाही कर सकेंगे। कृपा रेसिडेंसी से शरण स्टेटस चार रास्ता से भाट गांव कोटेश्वर होते हुए अपोलो सर्कल से आवाजाही कर सकेंगे।

स्टेडियम पर टिकट लेने पहुंच रहे दर्शक

देवांग और हार्दिक।



सीताराम और सुरेश कुमावत।

अहमदाबाद @ पत्रिका. भारत-इंग्लैंड के बीच होने वाले एक दिवसीय मैच के ऑफलाइन टिकट की बिक्री रविवार से शुरू हो गई है। ऐसे में उसे लेने के लिए दर्शक पहुंचने लगे हैं। चांदलोडिया से टिकट लेने पहुंचे मूलरूप से राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी सीताराम और सुरेश कुमावत ने बताया कि उन्होंने स्टेडियम से ही ऑनलाइन टिकट बुक कर तीन टिकट लिए। मूलरूप से भावनगर निवासी हाल पीडीईयू में पढ़ाई कर रहे छात्र देवांग राठौड़ और हार्दिक मकवाणा ने बताया कि उन्होंने पहले ही ऑनलाइन टिकट बुक कर दिए थे। उसे लेने के लिए वे आए थे। वे विराट कोहली को अच्छा खेलते हुए देखने के इच्छुक हैं। मुकेश ने बताया कि टिकट काउंटर से ऑफलाइन में 1500 रुपए वाले टिकट ही मिल रहे हैं। उससे नीचे के दर के टिकट ऑनलाइन ही बुक कराने पड़ते हैं।